चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक जागरण	22-11-26	5	5-6

जरूरतमंद विद्यार्थियों को सुविधाएं देना समाज के उत्थान के लिए जरूरी : प्रो . काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते और लंच बाक्स वितरित किए। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि थे। सोसाइटी की अध्यक्ष एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी और जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन भी मौजूद रहे।

कुलपति ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ जरूरी सुविधाएं और बेहतर अवसर देना आवश्यक है। संसाधनों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो सकती है, इसलिए जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद करना सबकी जिम्मेदारी है। सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से बच्चे प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन बनाए रखने, मन लगाकर पढ़ने और लक्ष्य के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान के साथ सामाजिक जिम्मेदारियां भी निभा रहा है।



कुलपति प्रो . बलदेव राज काम्बोज स्कूली विद्यार्थियों के साथ।

. सोसाइटी के सचिव कपिल अरोड़ा ने बताया कि पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को स्वेटर, छठी से आठवीं तक को जूते और नौवीं व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को लंच बाक्स दिए गए। स्कूल प्राचार्य ओमप्रकाश डावला ने अतिथियों का स्वागत किया और अध्यापिका सुनीता ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में डा. मदन खीचड़, डा. अनिल सरोहा, डा. मोनिका शर्मा, डा. एसके ठकराल, डा. मीनाक्षी ग्रेवाल, डा. मीना, सोनिया शर्मा और प्रीति पटेरिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
अजीत समाचार	22.11.26	5	1-4

ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा व सुविधाएं उपलब्ध करवाना समाज उत्थान के लिए ज़रूरी : प्रो. बलदेव राज काम्बोज

हकृवि की सोशल वैल्फेयर सोसायटी ने स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर, जूते और लंच बॉक्स

हिसार, 21 नवम्बर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से विश्वविद्यालय परिसर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते और लंच बॉक्स वितरित किए गए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सोशल वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी व जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन मौजूद रहे। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ जरूरी सुविधाएं और बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना बहुत जरूरी है। कई बार संसाधनों की कमी के कारण बच्चों को पढ़ाई में परेशानी आती है। ऐसे में उनकी मदद करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलने पर ये बच्चे भी अपनी प्रतिभा के दम पर जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज स्कूली विद्यार्थियों के साथ।

विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन बनाए रखने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी पूरा कर रहा है। सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाना इसी दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों और संस्थाओं से भी ऐसे बच्चों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। साथ ही, स्कूल की मूलभूत सुविधाओं के लिए 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

कक्षा के अनुसार विद्यार्थियों को दी गई सामग्री : कपिल अरोड़ा : सोसाइटी के सचिव कपिल अरोड़ा ने बताया कि पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को स्वेटर, छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को जूते तथा नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को लंच बॉक्स वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से जरूरतमंद विद्यार्थियों को काफी मदद मिलती है। सोसाइटी का प्रयास है कि बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार सुविधाएं मिलें और वे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने बताया कि यह कार्य सोसाइटी द्वारा हर वर्ष किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने इस कार्य के लिए कुलपति व अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल द्वारा बच्चों की जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य ओमप्रकाश डावला ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि मंच संचालन अध्यापिका सुनीता ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्य छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सोसाइटी के संयोजक डॉ. अनिल सरोहा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मोनिका शर्मा, आरडीएस फार्म के निदेशक डॉ. एसके ठकराल, कैंपस हॉस्पिटल से डॉ. मीनाक्षी गेरवाल, डॉ. मीना, सोनिया शर्मा, प्रीति पदेरिया सहित स्कूल के अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक भास्कर	22-11-26	12	1-2

शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी पूरा कर रहा विश्वविद्यालय : प्रो. कम्बोज

- सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चों को बांटे स्वेटर, जूते और लंच बॉक्स

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से विश्वविद्यालय परिसर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते और लंच बॉक्स वितरित किए गए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी व जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन मौजूद रहे। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी पूरा कर रहा है। सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाना इसी दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
सिटी पल्स	21.11.2026	--	--

सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चों को बांटे स्वेटर, जूते



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से विश्वविद्यालय परिसर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते और लंच बॉक्स वितरित किए गए। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सोशल वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी व जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन मौजूद रहे।

कुलपति ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ जरूरी सुविधाएं और बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना बहुत जरूरी है। कई बार संसाधनों की कमी के कारण बच्चों को पढ़ाई में परेशानी आती है। ऐसे में उनकी मदद करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलने पर ये बच्चे भी अपनी प्रतिभा के दम पर जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन बनाए रखने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी। विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी पूरा कर रहा है।

सोसाइटी के सचिव कपिल अरोड़ा ने बताया कि पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को स्वेटर, छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को जूते तथा नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को लंच बॉक्स वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से जरूरतमंद विद्यार्थियों को काफी मदद मिलती है।

कार्यक्रम में प्राचार्य ओमप्रकाश डावला ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि मंच संचालन अध्यापिका सुनीता ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्य छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, डॉ. अनिल सरोहा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. एसके ठकराल, डॉ. मीनाक्षी ग्रेवाल, डॉ. मीना, सोनिया शर्मा, प्रीति पटेरिया सहित स्कूल के अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
समस्त हरियाणा न्यूज	21.11.2026	--	--

हकृवि की सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर, जूते और लंच बॉक्स

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से विश्वविद्यालय परिसर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते और लंच बॉक्स वितरित किए गए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सोशल वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी व जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन मौजूद रहे। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ जरूरी सुविधाएं और बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना बहुत जरूरी है। कई बार संसाधनों की कमी के कारण बच्चों को पढ़ाई में परेशानी आती है। ऐसे में उनकी मदद करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलने पर ये बच्चे भी अपनी प्रतिभा के दम पर जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन बनाए रखने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी पूरा कर रहा है। सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाना इसी दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों और संस्थाओं से भी ऐसे बच्चों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। साथ ही, स्कूल की मूलभूत सुविधाओं के लिए 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

कक्षा के अनुसार विद्यार्थियों को दी गई सामग्री : कपिल अरोड़ा

सोसाइटी के सचिव कपिल अरोड़ा ने बताया कि पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को स्वेटर, छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को जूते तथा नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को लंच बॉक्स वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से जरूरतमंद विद्यार्थियों की काफी मदद मिलती है। सोसाइटी का प्रयास है कि



बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार सुविधाएं मिलें और वे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने बताया कि यह कार्य सोसाइटी द्वारा हर वर्ष किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने इस कार्य के लिए कुलपति व अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल द्वारा बच्चों की जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया।

ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य ओमप्रकाश डाबला ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि मंच संचालन अध्यापिका सुनीता ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्य छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सोसाइटी के संयोजक डॉ. अनिल सरोहा, सामुदायिक विज्ञान महा विद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मोनिका शर्मा, आरडीएस फार्म के निदेशक डॉ. एसके ठकराल, कैंपस हॉस्पिटल से डॉ. मौनाक्षी ग्रेवाल, डॉ. मीना, सोनिया शर्मा, प्रीति पटेरिया सहित स्कूल के अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।